रणजीत टाइम्स
इंदौर
सोमवार, 23 जून, 2025
वर्ष 01 | अंक 159 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

सिंधिया बोले-बच्चन की आवाज से मै भी परेशान

# इंदौर में पूर्व विधायक गुप्ता ने मंत्री से कहा- साइबर फ्रॉड कॉलर ट्यून बंद हो



इंदौर : उत्सव सोनी

पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलने पहुंचे। यहां पर गुप्ता ने उनसे कहा कि इमरजेंसी में फोन लगाते हैं तो अमिताभ बच्चन की आवाज सुनाई देती है। खासकर बुजुर्गों, मरीजों और व्यापारिक वर्ग के लोगों को इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

तब मंत्री सिंधिया भी उनसे बोल पड़े कि हां यह सही बात है, मैं भी इससे परेशान हूं। भारत सरकार द्वारा साइबर धोखाधड़ी एवं डिजिटल फ्रॉड के विरुद्ध जनजागरूकता के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत मोबाइल कॉल के आरंभ में एक विशेष कॉलर ट्यून प्रसारित की जा रही है, जिसका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को ओटीपी, बैंक विवरण अथवा अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की चेतावनी देना है। यह प्रयास जहां सराहनीय है, वहीं इसकी व्यावहारिक कठिनाइयों के चलते आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी विषय को लेकर पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुदर्शन गुप्ता ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने उल्लेख किया कि कॉलर ट्यून बजने के कारण मोबाइल कॉल लगाने में बार-बार विघ्न उत्पन्न हो रहा है, जिससे कॉल डायलिंग में विलंब, कॉल ड्रॉप और कनेक्टिविटी की समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। कई बार आवश्यकतानुसार संवाद स्थापित नहीं हो पाता, जिससे उपभोक्ताओं विशेषकर आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## गुप्ता ने अपने ज्ञापन में यह लिखा

डिजिटल अरेस्ट जैसे अभियान आवश्यक हैं, परंतु मोबाइल कॉल के समय बजने वाली कॉलर ट्यून के स्थान पर अन्य वैकल्पिक माध्यमों जैसे एसएमएस, सोशल मीडिया, टीवी-रेडियो या अन्य प्रचार माध्यमों से इस जागरूकता को आगे बढ़ाया जाए, ताकि जागरूकता और सुविधा दोनों का संतुलन बना रहे।

## सिंधिया बोले आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे

सिंधिया ने कहा कि आपकी मांग जायज है अर्जेंट में कॉल लगाने पर काफी कठिनाई होती है अनेक उपभोक्ताओं ने भी पूर्व में शिकायत की है मैं तुरंत इस पर कार्रवाई करूंगा । सिंधिया ने आगे कहा कि इस संबंध में पहले भी कुछ उपभोक्ताओं से प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं। हम तकनीकी समाधान की दिशा में कार्य कर रहे हैं और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

## मंत्री सिंधिया ने गुप्ता की पीठ पर रखकर ही कर दिए साइन

इंदौर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को एक ऐसा मौका भी आया जबकि गुप्ता का ज्ञापन पढ़ने के बाद मंत्री सिंधिया उस पर साइन करना चाहते थे और पत्र के नीचे कुछ सपोर्ट रखने के लिए देखने लगे। इस पर उन्होंने गुप्ता से कहा कि आप पीछे घूमिए। फिर उन्होंने गुप्ता की पीठ पर ही पत्र को रखकर उसे साइन कर दिया और पत्र को कार्रवाई के लिए अपने अफसरों को दे दिया। यह वाक्या देख वहां पर मौजूद सभी लोग ठहाका लगाकर हंसने लगे। इस दौरान यहां पर मौजूद सांसद शंकर लालवानी, मंत्री तुलसी सिलावट महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, पूर्व विधायक संजय शुक्ला, दीपक जैन टीनू, आदि भी मौजूद थे।

## योग कार्यक्रम में शामिल होने इंदौर पहुंचे थे

शनिवार को विश्व योग दिवस के अवसर पर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि योग के क्षेत्र में भी इंदौर इतिहास रच रहा है। सिंधिया ने योग का महत्व बताते हुए सभी को एक-एक पेड़ लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन देता है। ऑक्सीजन मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और बुजुर्ग योग करने पहुंचे

# आत्मबोध की सनातन ध्यानयोग परंपरा का वाहक है सहजयोग

दैनिक रणजीत टाइम्स



भारतीय दर्शन में आत्मबोध की परंपरा अत्यंत प्राचीन है, कच्चे मन को सच्चे मन में परिवर्तित करने की संपूर्ण विधि ध्यान कहलाती है इस संदर्भ में चित्त की भूमिका अत्यंत महत्व पूर्ण है चित्त पर नियंत्रण के बिना ध्यान को साधा नहीं जा सकता, और आत्मा के प्रकाशित हुए बिना ध्यान नहीं सधता, यही आत्मा को चेतित या जागृत करने की प्रक्रिया आत्म साक्षात्कार कहलाती है जो सहजयोग में बिना मूल्य सिखाई जाती है। सहजयोग योग का वास्तविक उद्देश्य है, आत्मसाक्षात्कार। जब आप शरीर, मन और बुद्धि पर विजय प्राप्त करते हैं, उन्हें उपचारित कर लेते हैं, तो आपके लिए आत्मा को पाना सुलभ हो जाता है। इस दिशा में सहज योग एक सरल क्रांतिकारी पद्धति है जिसका प्रादुर्भाव आदिशक्ति श्री माताजी निर्मला देवी के सौजन्य से हुआ है सहज योग को अभिनव अविष्कार कहा जा सकता है क्योंकि यह सामूहिकता में मानवता के उत्थान को करता है इससे पूर्व व्यक्ति अपना व्यक्तिगत उत्थान ही कर पाता था एक समूह में एक साथ अनेक लोगों का उत्थान संभव हुआ जब सहज योग में सामूहिक आत्मसाक्षात्कार की घटना घटित हुई। इसके साथ ही ध्यान का अभ्यास करने वाला व्यक्ति स्वयं अपनी अनुभूति से अन्य व्यक्ति को आत्मसाक्षात्कार दे सके यह भी संभव हुआ। इसका लाभ यह हुआ कि जिस तरह एक साथ बैठकर पूजा की जा सकती है उसी प्रकार एक साथ बैठकर ध्यान भी किया जा सकता है तो घर के सभी सदस्य एक साथ बैठकर अगर ध्यान करते हैं तो समस्त घर का मंगल होता है और नकारात्मकता हटकर पावन सकारात्मकता सभी परिवार के सदस्यों के भीतर एक साथ प्रवेश करती है।

उल्लेखनीय है कि,सहजयोग एक ध्यान की क्रिया है जिसे प.पू माताजी श्री निर्मला देवी द्वारा 5 मई 1970 से आरम्भ किया गया, जो की आज विश्व के 100 से अधिक देशों में प्रचलित है, सहजयोग से कुंडलिनी जागरण एवं आत्मसाक्षात्कार की अनुभूति की जा सकती है, व जैसे ही कुण्डलिनी का जागरण होता है वैसे ही मानव अपने अंदर परम शांति को अनुभव करता है, उसके विचार शून्य हो जाते है,एवं नियमित ध्यान करने से वह धीरे-धीरे अपने अंदर व्याप्त अनेक बीमारियों एवं विकारों से भी निजात पाता है। देश एवं विदेशों के अनेक वैज्ञानिकों ने सहजयोग ध्यान पर शोध किया है, एवं इस ध्यान के माध्यम से परम शान्ति व अनेक बीमारियों एवं विकारों से मुक्ति की पुष्टि की है, इसे हर आयु, धर्म एवं वर्ग के लोग महसूस कर सकते है। अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 18002700800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट www.sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, सोमवार 23 जून 2025 

## प्रधानमंत्री आवास योजना

# अरावली परिसर में रहवासियों का धरना, अव्यवस्थाओं पर जताया विरोध

**राजेश धाकड़**

इंदौर। प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) के अंतर्गत बने अरावली परिसर में रहवासियों ने आज सुबह जोरदार धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आवासीय परिसर में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर नगर निगम और जिम्मेदार विभागों के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।रहवासियों का कहना है कि परिसर में कचरा संग्रहण की उचित व्यवस्था नहीं है, पानी की आपूर्ति अनियमित है, गार्डन और क्लब हाउस अधूरे पड़े हैं, बाउंड्री वॉल अधूरी है और सीपेज जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। इन समस्याओं की वजह से नागरिकों को दिन-प्रतिदिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मौके पर पहुंचे नगर निगम के अपर आयुक्त पांडे और प्रधानमंत्री आवास योजना के चीफ़ इंजीनियर लोधी ने समस्याओं का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि वे प्राथमिकता से कार्य कर समस्याओं का निराकरण करवाएंगे।

### संयुक्तीकरण का विवाद भी गर्माया

धरने के दौरान एक और गंभीर मुद्दा सामने आया—संयुक्तीकरण (फ्लैट्स को जोड़ने) का। आरोप है कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने दो-दो फ्लैट खरीद कर बिना निगम की अनुमति और मध्य प्रदेश प्रकोष्ठ स्वामित्व अधिनियमों की अवहेलना करते हुए तोड़फोड़ कर फ्लैटों को एक कर लिया। इस अवैध निर्माण कार्य की शिकायतें पूर्व में निगम को दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। रहवासियों ने सवाल उठाया कि आम नागरिकों पर नियमों की सख्ती क्यों, जबकि रसूखदारों के खिलाफ आंख मूंद ली जाती है?




**निगम पर कार्रवाई का दबाव**

**रहवासियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि अवैध रूप से किए गए संयुक्तीकरण पर तुरंत रोक लगे और जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्यवाही की जाए।**

# श्री देव मुरलीधर विद्यालय में मनाया गया योग दिवस



**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में नरसिंहपुर जिले के श्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में भी योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।**

**बताया योग का महत्व**

योग दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राएं, एन सी सी कैडिट्स एवं स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान सचिव बी डी सोनी ने कहा कि हमें अपनी प्राचीन परंपरा का अनुसरण करते हुए प्रतिदिन योग करना चाहिए क्योंकि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा और पहले धन है, प्रभारी प्राचार्य संदीप जैन ने प्राणायाम, अलोम-विलोम, भावरी, सूर्य नमस्कार सहित कई अन्य योगासन सभी को बहुत अच्छे तरीके से कराये प्राचार्य शिव शंकर पाठक ने कहा योग प्रत्येक व्यक्ति को करना चाहिए। इससे जहां बीमारियां नहीं होती हैं, वहीं व्यक्ति मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहता है।

योग को लेकर किया जागरूक

छात्र - छात्राओं को योग का महत्व एवं योग से होने वाले लाभ को लेकर उन्हें जागरूक भी किया गया। छात्र - छात्राओं को बताया गया कि योग अभ्यास जीवन में क्यों जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में योगाभ्यास जरूर करना चाहिए। इससे वे शारीरिक एवं मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं। योगा जहां व्यक्ति को फिट रखता है तो वहीं कई ऐसी बीमारियां भी हैं जो सिर्फ योगाभ्यास करने से ही दूर हो जाती हैं। इस अवसर पर बाल शिक्षा समिति की ओर से सचिव बी डी सोनी एवं संस्था प्राचार्य शिवशंकर पाठक, उप प्राचार्य संदीप जैन प्रधान पाठक संदीप वर्मा, प्रधान पाठक दीपक कुशवाहा,वरिष्ठ शिक्षक मनोहर शर्मा, देवेश जोशी, विष्णु दीक्षित, धर्मेंद्र यादव, राकेश नेमा, अक्षय दुबे, कमला गुप्ता, मिथिलेश नामदेव, एन सी सी ऑफिसर सुधीर राजपूत, पीटीआई उमाकांत सिंह राजपूत, राहुल नामदेव, एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ भी मौजूद रहे।

# रेडीमेड वस्त्र कर्मचारियों की विश्व संगीत दिवस पर कार्यशाला आयोजित

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

इंदौर। विश्व संगीत दिवस के अवसर पर रेडीमेड कांप्लेक्स परदेसी पुरा प्लाट नंबर 132 पर रेडीमेड वस्त्र कर्मचारी सिलाई कारीगरों कटिंग मास्टर हेल्पर महिला पुरुष की कार्यशाला और विचार गोष्ठी संपन्न हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध वस्त्र व्यवसाई और समाजसेवी विक्की कॉलोनी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संगीत की धाक सारी दुनिया में है। रेडीमेड की दुनिया में वस्त्र कर्मचारी ओ के काम का शुभारंभ ही विविध




भारती रेडियो स्टेशन के द्वारा वर्षों से सुनाई देने वाले संगीत में गानों से होती है। और दिन भर यह कर्मचारी गण फिल्मी गाने सुनकर अपना मनोरंजन करते हैं और रेडीमेड का कार्य करते हैं। इस अवसर पर सिलाई कारीगर नंदू लाल मीणा ने ए मेरे वतन के लोगों देशभक्ति गाना गाकर विचार गोष्ठी का मजमा लूट लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से विक्की कलानी जी प्रकाश आंबेडकर बख्शी राम जैन शैलेंद्र भैया धर्मेंद्र मास्टर माला जी जी अनीता मैडम सीमा मैडम लता ताई रामकली बाई मुख्य रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र मास्टर और आभार मुकेश सोलंकी ने माना।

# विश्व संगीत दिवस पर सजी इंदौर के कृष्णा पूरा छतरी पर 24 घंटे की संगीत की महफिल

आदित्य शर्मा- 8224951278

इंदौर-इंदौर के कृष्ण पूरा छतरी पर विश्व संगीत दिवस पर 24 घंटे की संगीत की महफिल सजी जिसमें इंदौर के सभी संगीत कारों ने भाग लिया एवं अपना योगदान दिया यह पूरा कार्यक्रम राजेश (गुड्डू) मिश्रा के नेतृत्व में किया जाता हे जिसमें इंदौर एवं बाहर के कलाकार आ कर हिस्सा लेते हे -

विशेष अथिति- विशेष अथिति में मंत्री कैलाश जी विजयवर्गीय शामिल हुए एवं उनके द्वारा भी गीत गा कर कार्यक्रम में अपना योगदान दिया गया

राजेश गुड्डू मिश्रा- राजेश गुड्डू मिश्रा एक ऐसा नाम जिनके द्वारा इंदौर की संगीत के मामले में एक अलग पहचान हे जो अपने कार्य में विगत कई वर्षों से लगे हुए हे एवं कृष्ण पूरा छतरी पर विगत कई दिनों से ये कार्यक्रम करते आ रहे हे राजेश (गुड्डू) मिश्रा को इंदौर का हर संगीत प्रेमी अच्छे से जनता है।















# ग्राम पंचायत झौत भ्रष्टाचार का गढ़ बनी

## कागजी निर्माण और कार्यों से लाखों निकाले

गोटेगांव। जनपद पंचायत के अंतर्गत कागजी कार्यवाही कर मनरेगा के माध्यम से शासकीय राशि को निकालने का मामला सामने आया है जिसमें एक पंचायत के कर्मचारी द्वारा फर्जी मस्टर और बिना निर्माण किए लाखों रुपए की चपत शासन को लगाने का मामला सामने आया है ।

### यह है पूरा मामला

जनपद मुख्यालय से महज 13 किलोमीटर दूर स्थित है झोत ग्राम पंचायत जिसमें पंचायत के कर्मचारियों के द्वारा मनरेगा के माध्यम से कार्यों के फर्जी मस्टर रोल लगाकर लाखों रुपए का घोटाला किया है, ग्राम पंचायत सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिधाम में समतलीकरण, मवई में आंगनवाड़ी में समतलीकरण कार्य, मां की बगिया प्राथमिक शाला श्यामनगर एवं रिटनवाल निर्माण का कार्य धरातल पर हुआ ही नहीं है जबकि इनकी राशि का आहरण किया जा चुका है, गौरतलब है कि उक्त सभी कार्य मजदूरी के माध्यम से करवाए जाने थे और सभी कार्य बिना किसी पक्के निर्माण के होने थे जिसके कारण ग्राम रोजगार सहायक ने उक्त राशि का आहरण फर्जी तरीके से करवाया है।

विधायक ने पत्र लिख की कार्यवाही की मांग

ग्राम पंचायत झोत में हुए इस फर्जीवाड़े की जानकारी लगते ही गोटेगांव विधानसभा के विधायक महेंद्र नागेश ने एक शिकायती पत्र लिखते हुए झोत पंचायत की जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोटेगांव से की थी, इतना ही नहीं विधायक ने अपने पत्र में आठ कामों का जिक्र किया था जिनमें गड़बड़ी होने की आशंका विधायक को थी, इनमें वे तीन काम भी सम्मिलित हैं जो धरातल पर हुए ही नहीं है विधायक के लेटर के बाद तुरंत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोटेगांव ने तीन सदस्यीय जांच दलगठित कर तीन दिवस के अंदर प्रतिवेदन देने का आदेश जारी किया था।




कुछ भी बोलने को तैयार नहीं जांच अधिकारी

विधायक के पत्र को आज 22 दिन हो चुके हैं और मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोटेगांव के जांच आदेश को 18 दिन बीत गए हैं इसके बावजूद आज दिनांक तक ग्राम पंचायत के इस बड़े घोटाले पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है, यहां तक की जांच करने गए दल के सदस्य मीडिया से कुछ भी कहने से बच रहे हैं जबकि कोई भी जांच करने के बाद जांच अधिकारी प्रतिवेदन सबमिट करने के बाद धरातल पर पाई गई अनियमितताओं की जानकारी मीडिया के साथ साझा कर देते हैं लेकिन यहां अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं जांच पर गए राजेश कुशवाहा उप यंत्री में पूछा तो उन्होंने कहा वह कुछ भी कहने के लिए अधिकृत नहीं है जानकारी टीम को लीड कर रही सहायक यंत्री अमृता अग्निहोत्री दे सकती हैं, वही अमृता अग्निहोत्री उक्त मामले में बताती है कि उन्होंने प्रतिवेदन दे दिया है विस्तृत प्रतिवेदन है प्रतिवेदन में क्या है इसकी जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी वर्षा झरिया ही दे सकती हैं, वर्षा झरिया से लगातार फोन पर संपर्क करने के बाद भी उनके फोन पर कोई प्रति उत्तर नहीं मिला है।

इनका कहना है-

ग्राम पंचायत में कुछ ऐसे कामों की ग्राम रोजगार सहायक के द्वारा मजदूरों के खाते से निकल गई है जो काम धरातल पर हुए ही नहीं है ग्राम पंचायत सचिव होने के नाते उक्त मामले की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियो से की है। - दीपचंद अगरिया, सचिव

ग्राम पंचायत में जांच हो चुकी है जांच टीम ने अपना प्रतिवेदन दे दिया है हमें जो कुछ कहना था वह हमने बता दिया है आगे की जानकारी वरिष्ठ अधिकारी दे सकते हैं। - श्रीकांत तिवारी, ग्राम रोजगार सहायक

हमारे द्वारा प्रतिवेदन मुख्य कार्यपाल अधिकारी गोटेगांव को जमा कर दिया गया है आगे मामले में विस्तृत जानकारी मैडम ही दे सकती हैं। - अमृता अग्निहोत्री, सहायक यंत्री

पंचायत में बिना जीएसटी के बिल लगने का मामला मेरे संज्ञान में आया है हमने इन पंचायतों में जांच के आदेश दे दिए हैं - दिलीप सिंह - जिला पंचायत सीईओ नरसिंहपुर

# क्या "जीत" ही सब कुछ है..? क्या "खुशी" सब कुछ नहीं..?

## सितारे ज़मीन पर' की रूह को छूती 'देखनीय' फिल्म!

राजेश धाकड़

"बहोत सई पिच्चर है भिया !"

यह संवाद, जो एक साधारण-सा लगता है, असल में उस असाधारण अनुभव को बयां करता है जिसे आमिर खान की हालिया फिल्म दर्शकों को सौंपती है। हालांकि इसे 'तारे ज़मीन पर' का सीक्वल नहीं कहा जा सकता, लेकिन इसकी आत्मा कहीं न कहीं उस फिल्म से जुड़ती जरूर है। यह नई कहानी है – नए किरदारों और नए संदेशों के साथ। यह दिव्यांग, न्यूरो-डाइवर्जेंट या डिफरेंटली एबल्ड लोगों की दुनिया को सादगी से नहीं, गहराई से दिखाती है। फिल्म की टैगलाइन "सबका अपना – अपना नॉर्मल", महज एक जुमला नहीं बल्कि समाज की उस सोच पर सवाल है जो 'नॉर्मल' की एक ही परिभाषा में सबको कसने की कोशिश करती है।

### कहानी का मर्म:

हर इंसान अपने आप में एक संपूर्ण ब्रह्मांड है – चाहे वह मोटा हो या पतला, चपटी नाक वाला हो या नुकीली नाक वाला, तेज बुद्धि वाला हो या सीमित क्षमता वाला। इस फिल्म में बताया गया है कि समाज जिसे 'अलग' मानता है, वह भी अपने आप में 'पूरा' होता है।



भावनाओं की गेंद:

फिल्म खेल के मैदान से शुरू होकर दिलों की जमीन तक पहुँचती है। बॉस्केटबॉल मैच केवल एक मंच है, असली खेल तो संवेदनाओं का है – और उसमें फिल्म हर सीन में जीतती है।

### डायलॉग और अभिनय:

आमिर खान कोच के रूप में हैं – कभी सख्त, कभी भावुक, लेकिन हमेशा संवेदनशील। जेनेलिया देशमुख उनके साथ सधी हुई भूमिका में हैं। बृजेन्द्र काला और डॉली अहलूवालिया जैसे कलाकारों ने कहानी में जान डाल दी है। और सबसे ख़ास बात – 10 वास्तविक दिव्यांग कलाकारों को लिया गया है, जो डाउन सिंड्रोम जैसी बौद्धिक चुनौतियों के साथ जीते हैं। उनका सहज अभिनय दर्शकों को रुलाता भी है और हँसाता भी।

### तकनीकी पक्ष:

फिल्म का संगीत रोचक है। अरिजीत सिंह की आवाज़ हर बार की तरह दिल छूती है। संवादों में हास्य है, व्यंग्य है, और सबसे बड़ी बात – सचाई है।

### क्यों देखें ये फिल्म?

इस फिल्म में न कोई खलनायक है, न बेतुकी मारधाड़। न चुम्बन दृश्य हैं, न ही आइटम सांग। लेकिन फिर भी फिल्म अंत तक बाँधे रखती है – क्योंकि इसमें दिल है। यह फिल्म उन कहानियों को मंच देती है जिन्हें आमतौर पर 'बैकग्राउंड' में रखा जाता है।

# चंदनवाड़ी लंगर हेतु भोला भण्डारा परिवार थांदला ने सामग्री दाहोद भिजवाई




## अमरनाथ यात्रा के दौरान 23 वर्षों से लगाते आ रहे है लंगर

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

थांदला। भोला भण्डारा परिवार थांदला द्वारा जन सहयोग से एकत्रित खाद्य सामग्री से भरी गाड़ी पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए शांति आश्रम महंत सुखरामदासजी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर दानदाताओं व वरिष्ठ समाजसेवियों के सानिध्य में दाहोद के लिए रवाना किया।

जानकारी देते हुए समिति के वरिष्ठ श्रीमंत अरोड़ा, तुलसी मेहते, मोहन चौहान, प्रकाश सोनी ने बताया कि इस बार दानदाताओं ने नकद राशि के साथ गोली, बिस्किट, चॉकलेट, चक्की के अलावा अन्य खाद्य सामग्री भी प्रदान की है जिसे गोधरा, दाहोद, झाबुआ, थांदला के संयुक्त तत्वाधान में बाबा अमरनाथजी की पावन यात्रा में पहले पड़ाव चंदनवाड़ी में लगने वालें 24 वें विशाल भंडारें के लिए दाहोद से 22 जून रविवार को ट्रक द्वारा रवाना किया जाएगा। इस अवसर पर भोला भण्डारा समिति के सञ्चालक पवन नाहर, महेश गढ़वाल, एमडी चौहान, मनीष अहिरवार, समरथ महाराज, शैलेन्द्र चौहान, सोहनसिंह परमार, अमृतलाल चौहान, प. चिंटू वैरागी, महेश गिरी, आत्माराम शर्मा, मनोज उपाध्याय, समाजसेवी दानदाता विपिन जैन, अशोक अरोड़ा, राजू धानक, मोहन यादव, रामचन्द्र कटारा, रमेश चौबे आदि मौजूद थे। इस अवसर पर महंत का पुष्प माला पहनाकर उन्हें दक्षिणा देकर सम्मान करते हुए सभी भोलें भक्तों ने आशीर्वाद लिया।

# 11 वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बताया योग का महत्व

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शाजापुर । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार कार्य योजना वर्ष 2025-26 के पालन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री आंनद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर श्रीमती नमिता बौरासी के नेतृत्व में आज 21 जून 2025 को सुबह 07:00 बजे जिला न्यायालय परिसर शाजापुर में 11 वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन जिला न्यायालय परिसर में सुबह 07:00 से 7:45 बजे तक



किया गया। शिविर का शुभांरभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्री आंनद कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में उपस्थित समस्त न्यायाधीशगण, अधिकारी/कर्मचारीगण को श्री जितेंद्र कुमार पाराशर के द्वारा योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए दैनिक जीवन में शरीर को स्वस्थ्य बनाने के लिए प्रति-दिन योग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर से स्वस्थ्य एवं शांत मन का विकास होता है। स्वस्थ्य शरीर प्राप्त करने के लिए योग करना अति-आवश्यक है। योग शिविर में योग शिक्षक श्री हरीश शर्मा के द्वारा शरीर को स्वस्थ्य बनाने के लिए विभिन्न योग क्रियाएं एवं प्राणयाम बताएं। उपस्थित न्यायाधीशगण, न्यायिक अधिकारी/कर्मचारीगण के द्वारा उत्सुकता एवं ऊर्जा के साथ योग क्रियाएं कर योग दिवस मनाया। शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में उपस्थित कर्मचारीगण को योग की विभिन्न क्रियाएं एवं प्राणयाम योग शिक्षक श्री शर्मा के द्वारा सिखाई गई। इस अवसर पर श्रीमती नमिता बौरासी सचिव ने अपने उद्बोद्धन में कहा कि सभी के लिए योग की क्रिया व्यस्त जीवन में अपने आप मे किसी वरदान से कम नहीं है। ज्यादा से ज्यादा लोग योग के जीवन पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव को महसूस कर योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाए। योग के नित्य अभ्यास से कई प्रकार के रोग स्वतः ही ठीक हो जाते हैं। वहीं निरोगी व्यक्ति अगर इसे नित्य करें तो वह कभी बीमार नहीं होता। पहले से ज्यादा ऊर्जावान बनता है। योग छोटा, बड़ा या वृद्ध हो सभी के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। शारीरिक बिमारियों के साथ-साथ मानसिंक पीढ़ा को भी योग के माध्यम से कम किया जा सकता है। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाजापुर के जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती शिखा शर्मा एवं अन्य कर्मचारीगण ने भी सहभागीता की

## भाजपा मण्डल पिपलौदा द्वारा योग शिविर आयोजित

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



पिपलौदा। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा यूनिक कान्वेंट स्कूल परिसर मे योग शिविर आयोजित किया गया। सेवानिवृत खेल शिक्षक लोकेंद्र सिंह डोडिया व खेल शिक्षक विशाल परमार ने वार्मर, ताड़ासन, अनुलोम, विलोम, भ्रामरी आदि योग क्रियाए संपन्न करवाई। इस दौरान मण्डल महामंत्री भंवगिरी गोस्वामी, पूर्व नप अध्यक्ष अतुल गौड़, वरिस्ठ योगेंद्र सिंह राठौर, उपाध्यक्ष महेश बोहरा, नानालाल शाह, मंत्री नारायण धनगर, प्रफुल जैन, मनमोहन सिंह राणा, राजेश पांचाल, ओमप्रकाश पोरवाल, राकोदा सरपंच प्रहलाद शारण, खेल प्रकोष्ठ संयोजक अमित मोगरा, राजेश पांचाल, युवा मोर्चा के देवेंद्र भारद्वाज, खेल शिक्षक, वसीम मंसूरी, देवेंद्र सिंह, हरीश सोलंकी, लखन भाटी सहित वालीबॉल खिलाड़ी उपस्थित थे। अंत मे ध्यान मुद्रा के साथ सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरायमा मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# लघु उद्योग भारती इकाई नागदा की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन।नितिन जैन अध्यक्ष एवं मोहित जैन सचिव नियुक्त हुए

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

नागदा जं.। लघु उद्योग भारती नागदा इकाई का पुनर्गठन दिनांक 17 जून मंगलवार को रांगोली होटल नागदा में किया गया। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश जी मिश्रा ने आगामी वर्ष हेतु नितिन जैन को अध्यक्ष, मोहित जैन को सचिव, योगेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। प्रथम उपाध्यक्ष राजेंद्र मालपानी, द्वितीय उपाध्यक्ष संतोष जी चौहान बनाये गये।

लघु उद्योग भारती प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्री शिवनारायण जी शर्मा ने लघु उद्योग भारती संगठन के बारे में बताया लघु उद्योग भारती महासदस्यता अभियान प्रभारी राजेश गर्ग ने नए सदस्यों को लघु उद्योग भारती




परिवार में जोड़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर 12 नवीन सदस्य जोड़े गए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश जी मिश्रा ने संगठन के कार्य एवं महत्व को प्रभावी तरीके से रखा।कार्यक्रम का संचालन श्री मोती सिंह जी शेखावत द्वारा किया गया एवं आभार अजय गरवाल ने माना। इस अवसर पर नगर के उद्योग संचालक एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का आज समापन

दैनिक रणजीत टाइम्स

झाबुआ। जय बजरंग व्यायाम शाला, झाबुआ में 20 मई से आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का आज समापन हुआ। यह शिविर स्वर्गीय श्री सुशील वाजपेयी जी की पावन स्मृति को समर्पित रहा, जिन्हें झाबुआ में "Iron Man" के नाम से श्रद्धापूर्वक याद किया जाता है। शिविर के समापन पर बाल प्रतिभाओं को मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर श्री उमेश सक्सेना द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए गए। शिविर का उद्घाटन 20 मई को हनुमान जी की आरती व रिबन काटकर किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. सुशील वाजपेयी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि से हुई। इस अवसर पर श्री उमंग सक्सेना ने संचालन किया। अतिथियों में श्री उमंग सक्सेना, श्री यशवंत भंडारी, श्री मनीष व्यास, श्री प्रेम सिंह उस्ताद, श्री मांगू भाई, श्री नरेश जी, यशस्विनी वाजपेयी, आदित्य वाजपेयी, नरेंद्र सिंह चौहान, चंदर सिंह चंदेल, गुलाब सिंह गुड़िया, उमेश



मेड़ा, नानूडी चारेल समेत कई वरिष्ठ खेलप्रेमी व खिलाड़ी उपस्थित रहे। शिविर में जिले भर के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बच्चों ने भाग लिया। विशेष रूप से आदिवासी व अनुसूचित जनजातीय बच्चों को इस शिविर में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। इस एक महीने के शिविर में बच्चों को वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग, कलारिपट्टु, कुश्ती और लाठी चलाने जैसी आत्मरक्षा की तकनीकों का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रत्येक खेल में अनुभवी वरिष्ठ प्रशिक्षकों ने प्रतिदिन नियमित अभ्यास कराते हुए बच्चों को खेलों की व्यावहारिक जानकारी दी।

व्यायामशाला के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उमेश मेड़ा, गुलाब गुंडिया, चंदर पहलवान, प्रेम उस्ताद ने बच्चों को विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण दिया। राकेश चौहान, संजय, सीनियर महिला खिलाड़ी नानूडी चारेल, अवंतिका भूरिया, स्वाति भूरिया और सोनिया रावत जैसे खिलाड़ियों ने शिविर में सक्रिय भागीदारी की और नवागंतुक बच्चों को मार्गदर्शन दिया। श्री यशवंत भंडारी द्वारा बॉक्सिंग चैंपियन प्रियांशी को बॉक्सिंग किट भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। प्रियांशी वरिष्ठ खिलाड़ी गुलाब गुंडिया की बेटी हैं, जिन्होंने शिविर में अन्य बच्चों को भी प्रेरित किया और कहा कि वे भी लगन और अनुशासन के साथ आगे बढ़ें तथा सुशील वाजपेयी जी और व्यायामशाला के नाम को रोशन करें।

शिविर में खिलाड़ियों ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त किए गए पदकों और उपलब्धियों की प्रेरक प्रस्तुतियां दीं। बालिका खिलाड़ियों का विशेष सम्मान किया गया, जो आज राष्ट्रीय स्तर पर झाबुआ का नाम रोशन कर रही हैं। शिविर में स्व. सुशील वाजपेयी जी के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा गया कि उन्होंने बिना भेदभाव के हजारों युवाओं को खेलों से जोड़ा, जिनमें से 165 से अधिक खिलाड़ी आज झाबुआ जिले का विभिन्न स्तरों में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे वर्षों तक नशा मुक्त और अनुशासित युवा भारत के निर्माण में जुटे रहे। जय बजरंग व्यायाम शाला के सचिव श्री चंदर सिंह चंदेल ने सभी खिलाड़ियों, अतिथियों और आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए सुशील वाजपेयी जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

### धार पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# विगत पाँच वर्षो से बंदुक चोरी के प्रकरण मे फरार दो आरोपीयो को किया गिरफ्तार



## आरोपीयो की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने की थी ईनाम की उद्घोषणा

दैनिक रणजीत टाइम्स

राजगढ़ । क्षेत्र मे उद्घोषित फरार ईनाम आरोपीयो की पतारसी व गिरफ्तार करने के संबंध मे श्रीमान पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक महोदय धार, श्री मनोज कुमार सिंह व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय धार श्री गीतेश कुमार गर्ग द्वारा निर्देशित किया गया जिसके तारतम्य मे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनावर(भा.पु.से.) श्रीमती अनु बेनिवाल के निर्देशन मे थाना प्रभारी गंधवानी श्री प्रवीण ठाकरे व चौकी प्रभारी जीराबाद रविन्द्र चौधरी द्वारा क्षेत्र मे मुखबीर तंत्र को सक्रिय किया गया जिस पर आज दिनांक 22.06.2025 को मुखबीर सुचना प्राप्त हुई कि वर्ष 2020 से बंदुक चोरी के प्रकरण मे फरार आरोपीगण ग्राम खोड़ मे आए हुए है सुचना पर ग्राम खोड़ मे दबिश देकर आरोपी भाया उर्फ भारत पिता हिरासिंह डावर जाति भील उम्र 28 वर्ष नि ग्राम खेड़ली हनुमान थाना टाण्डा व राजू पिता नुरसिंह मण्डलोई जाति भील उम्र 25 वर्ष नि ग्राम खेड़ली हनुमान थाना टाण्डा जिला धार को गिरफ्तार किया गया । आरोपीयो के विरूद्ध वर्ष 2020 मे बंदुक चोरी का प्रकरण पंजीबद्ध हुआ तथा आरोपीगण घटना के पश्चात से फरार थे जिनकी गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय धार द्वारा 5000-5000/- रुपये के ईनाम की उद्घोषणा की थी । सम्पुर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गंधवानी श्री प्रवीण ठाकरे, चौकी प्रभारी जीराबाद सउनि रविन्द्र चौधरी, प्र आर सुखराम, आरक्षक सत्यपाल जाट, शैलेन्द्र यादव, शैलेन्द्र सोलंकी, चेनसिंह व संतोष नागर का सराहनीय योगदान रहा ।

---

# सांदीपनी शा. उ. मा. वि. बड़ावदा में बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच योगाभ्यास

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहयोगी है योग



दैनिक रणजीत टाइम्स

बड़ावदा। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। सभी जगह जनप्रतिनिधियों व आम जन उत्साह से योग अभ्यास किया। रिमझिम बारिश की फुहार के बीच बड़ावदा में संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्रातः 6 बजे से 7.45 बजे के मध्य किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बड़ावदा के भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश शर्मा, संयोजक जितेंद्रदास बैरागी, सहसंयोजक समरथ पाटीदार,जीवन सिंह चौहान , प्रदेश उपाध्यक्ष सरपंच संघ , संजय चावड़ा (पूर्व नगर परिषद (उपाध्यक्ष) रामकरण मालवीय( पूर्व पार्षद) अशोक चौधरी , पत्रकार शिरीष सकलेचा तथा विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती माया सोनी ने सरस्वती पूजन करके किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टाफ,अतिथि एवं विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर योग की समस्त क्रियाएं योग प्रभारी अजय कुमार रावल के मार्गदर्शन में की गई।

### योग से मिलती हैं मन को शांति....शर्मा

लोकेश शर्मा ने योग के प्रति स्वयं जागरूक हो और अपने साथी सहयोगियों को भी जागरूक करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने का आह्वान किया ।आपने कहां की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विकसित भारत की कल्पना की है। जिसमें योग महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। आपने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता हैं। यदि हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा तो मन भी स्वस्थ रहेगा। जिससे हमारी बुराईयां भी खत्म हो जाती हैं। आपने कहा कि कम से कम 20 मिनट रोज योग करें जिससे सभी बीमारियां समाप्त हो जाएगी। इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य पर अपने विचार रखे तथा योग के प्रति सभी को जागरूक किया तथा कुछ सूक्ष्म क्रियाओं का अभ्यास भी करवाया गया। योग प्रभारी रावल ने सभी को संकल्प दिलाते हुए विश्व के कल्याण , सभी के स्वस्थ रहने की कामना की। प्रधानमंत्री के भाषण को रेडियो पर सुनाया गया। कार्यक्रम का संचालन शांतिलाल कुमावत ने किया तथा आभार प्रदर्शन जाहिद शाह खान ने माना।

### ये थे मौजूद....

इस अवसर पर अकील एहमद पठान, प्रहलाद पाटीदार,असीम श्रोत्रिय, मोहन लाल सोनारतिया,घनश्याम पाटीदार, कृष्णपाल त्रिपाठी,मुकेश बैरागी, निर्मला गहलोत,रेखा दड़ीग, सुरेश व्यास, ईश्वर परमार, अंकित जायसवाल,विजय बोरीवाल आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह....

प्रधानमंत्री जी केआव्हान व। भाजपा मंडल द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं से किए गए आग्रह के बाद मंडल के सरसी, केरवासा, उपलाई, राजाखेड़ी, खजुरिया आदि गांवों में योग के आयोजन हुए। कई लोगों ने अपने घरों पर भी योग अभ्यास किया।

राजा भोज पर होगा धार रेलवे स्टेशन का नाम

# केंद्रीय राज्यमंत्री बोलीं- मुख्यमंत्री को प्रस्ताव भेजेंगे; सावित्री ठाकुर ने काम का निरीक्षण किया



धार, झाबुआ और अलीराजपुर जिलों को गुजरात के दाहोद से जोड़ने वाली नई ब्रॉडगेज रेल लाइन का काम चल रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने धार पहुंचकर रेल परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि धार रेलवे स्टेशन का नाम 'राजा भोज स्टेशन' किया जाएगा, इसके लिए प्रस्ताव मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भेजा जाएगा। निरीक्षण के दौरान ठाकुर ने रेलवे ब्रिज, अंडरपास और स्टेशन निर्माण की प्रगति देखी और अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदिवासी क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत करने के विजन को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

आदिवासी क्षेत्रों को मिलेगा फायदा

महू-धार से शुरू होकर यह लाइन झाबुआ, अलीराजपुर से होकर दाहोद (गुजरात) तक जाएगी। इससे मध्य प्रदेश और गुजरात के बीच सीधी रेल सेवा शुरू होगी और आदिवासी बहुल इलाकों को आर्थिक विकास की नई राह मिलेगी।

## यात्रा, रोजगार और व्यापार के बढ़ेंगे अवसर

इस रेल परियोजना से स्थानीय लोगों को बेहतर यात्रा सुविधा तो मिलेगी ही, साथ ही रोजगार और छोटे व्यापारों को भी बढ़ावा मिलेगा। ठाकुर ने कहा कि इस क्षेत्र की भौगोलिक और सांस्कृतिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए ही स्टेशन का नाम राजा भोज के नाम पर रखने की पहल की गई है।

# अनिल शर्मा बने "दिशा समिति" के सदस्य!



भोपालः- ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा "राज्य स्तरीय दिशा समिति" का सदस्य श्री अनिल कुमार शर्मा को बनाया गया है, गौरतलब है कि श्री शर्मा भूतपूर्व FCI मेंबर भी रह चुके हैं! इस सुअवसर पर उपभोक्ता अधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी ने अनिल शर्मा जी के निवास स्थान में पहुंच कर गुलदस्ता भेंट कर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए, भारत सरकार का भी आभार व्यक्त किया!

# रतलाम में पहली बार होगी रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव



## सीएम के साथ 2500 उद्यमी होंगे शामिल, तैयारी शुरू; कैबिनेट मंत्री ने ली बैठक

रतलाम शहर में राज्य स्तरीय रीजनल इंडस्ट्रीज, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट (राइज) कॉन्क्लेव 27 जून को होना प्रस्तावित है। तैयारियों को लेकर विधायक और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने अधिकारियों की बैठक ली। कॉन्क्लेव में सीएम डॉ. मोहन यादव समेत 2500 से अधिक उद्यमी शामिल होंगे। कॉन्क्लेव के सफल आयोजन को लेकर मंत्री काश्यप ने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के लिए कहा। कॉन्क्लेव नेहरु स्टेडियम में होगी। इसके लिए एक बड़ा वाटर प्रूफ डोम तैयार किया जाएगा।

मंत्री काश्यप ने स्टेडियम के पास अंबेडकर ग्राउंड में होने वाली पार्किंग व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम के आगमन के समय ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने को कहा। बैठक में कलेक्टर राजेश बाथम, एसपी अमित सिंह, एमपीआईडीसी के निदेशक राजेश राठौड़, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम शहर एवं प्रभारी कमिश्नर नगर निगम रतलाम अनिल भाना आदि मौजूद रहे।

## अलग-अलग सेशन में सीएम करेंगे चर्चा

कॉन्क्लेव में सीएम उद्योगपतियों, निवेशकों से तीन सेशन में अलग-अलग वन टू वन चर्चा करेंगे। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए अधिकारियों को दिए। इस दौरान हितग्राहियों, लाभार्थियों को ऋण वितरण, हितलाभ वितरण की तैयारी पूर्व से रखने को कहा। सफल उद्योगपतियों से सीएम द्वारा संवाद किया जाएगा।

## 2500 से अधिक उद्यमी होंगे शामिल

एमपीआईडीसी के निदेशक राजेश राठौड़ ने बताया कि कॉन्क्लेव में 2500 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। एक लाख पात्र को स्व रोजगार के लिए ऋण वितरण किया जाएगा। 350 करोड़ से अधिक की लागत के 35 से अधिक औद्योगिक क्षेत्रों व क्लस्टर में भवनों का भूमिपूजन और लोकार्पण होगा।

## 500 से अधिक युवाओं को मिलेगा ऑफर लेटर

1500 करोड़ से अधिक निवेश की 50 से अधिक इकाइयों का भूमिपूजन व लोकार्पण होगा। कॉन्क्लेव में 500 से अधिक उद्यमियों को आशय पत्र व भूमि आवंटन किया जाएगा। 500 से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर का वितरण होगा। सीएम द्वारा 100 से अधिक लाभार्थियों को लोकमाता देवी अहिल्याबाई प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना के तहत अनुदान दिया जाएगा।

# इन्टरनेट पर चल रहे न्यूज पोर्टल समाचार चैनल किसी भी तरह के पत्रकार की नियुक्ति नहीं कर सकता है और न ही प्रेस आईडी जारी कर सकता है...




**नई दिल्ली।**

भारत में सूचना प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा फर्जी पत्रकारों एवं फर्जी चैनलों पर शिकंजा कसने की तैयार शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में मंत्रालय बहुत सख्त कार्यवाही की योजना बना रहा है। जिसमें जो लोग बगैर आर.एन.आई के अखबार या चैनल चला रहे हैं उन पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस मुद्दे पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देश भर में जितने भी लोग प्रेस आईडीकार्ड लेकर घुम रहे हैं या फजी चैनल चला रहे हैं ऐसे लोगों की तत्काल जांच शुरू होगी। इस मामले में दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति पर त्वरित कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आगे प्रसारण मंत्री ने कहा कि कुछ दोषी लोगों के कारण अच्छे, सच्चे एवं ईमानदार पत्रकारों के छवि धूमिल हो रही है और उनके कार्य करने में बाधा उत्पन्न हो रही है। आगे जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पूरे देश में कुछ पैसा लेकर जाली कार्ड बना कर बांटने व फर्जी पत्रकार नियुक्त करके प्रेस के नाम पर ब्लैकमेलिंग व वसूली का धंधा चला रहे हैं ऐसे लोगों पर अंकुश लगाना अति आवश्यक है इन पर कठोर कानून कार्यवाही होगी। इस संबंध में सभी राज्यों के प्रेस सूचना मंत्रालय को निर्देश जारी कर दिया गया है। आगे उन्होंने बताया कि जो अखबार/पत्रिका भारत सरकार के आरएनआई द्वारा रजिस्टर्ड हो या जो टीवी/रेडियो सूचना प्रसारण मंत्रालय से रजिस्टर्ड हो उसी के द्वारा पत्रकार/संवाददाता की नियुक्ति हो सकती है व केवल उसका सम्पादक ही प्रेस कार्ड जारी कर सकता है। जब न्यूज पोर्टल के बारे में पत्रकारों ने पूछा तो उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इन्टरनेट पर चल रहे न्यूज पोर्टल के रजिस्ट्रेशन का प्रावधान सूचना प्रसारण मंत्रालय में नहीं है एवं कोई भी न्यूज पोर्टल एवं केबल (डिश) टीवी पर चल रहे समाचार चैनल किसी भी तरह के पत्रकार की नियुक्ति नहीं कर सकता है। और न ही प्रेस आईडी जारी कर सकता है यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो वह अवैध है एवं उसके विरुद्ध कार्यवाही होनी सुनिश्चित है अगर कोई बगैर आरएनआई के पोर्टल या अखबार चलाता मिला तो उस पर उचित कार्यवाही की जाएगी और ऐसे व्यक्ति को हरगिज माफ नहीं किया जायेगा।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की

अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ। टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स